UNITED NATIONS
संयुक्त राष्ट्र

08 सितम्बर 2023

यूएनआईसी/प्रेस विज्ञप्ति /164/2023

संयुक्त राष्ट्र महासचिव की ओर से

शिक्षा को संकट से बचाने का अंतरराष्ट्रीय दिवस

09 सितम्बर 2023

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश का सन्देश

शिक्षा केवल बुनियादी मानव अधिकार ही नहीं है बल्कि हर व्यक्ति के लिए बेहतर भविष्य एवं अधिक शान्त, सद्भावपूर्ण विश्व की रचना का माध्यम भी है।

शिक्षा को संकट से बचाने के इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर हम एक कटु सत्य उजागर कर रहे हैं-सशस्त्र संघर्षों के कारण, 22.4 करोड़ बच्चों और युवाओं को तत्काल शैक्षिक समर्थन देने की आवश्यकता है। उनमें से 7.2 करोड़ स्कूल में नहीं पढ़ रहे।

विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षाकर्मियों और स्कूलों पर हमले अब आम हो गये हैं जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई में बाधा पड़ती है और उन्हें भारी मानसिक एवं शारीरिक चोट पहुँचती है जिसका असर जीवनभर रह सकता है।

मैं सभी देशों से स्कूलों, बच्चों और शिक्षकों को हर परिस्थिति में सुरक्षा देने का आग्रह करता हूँ।

मेरा सभी देशों से यह भी आग्रह है कि वे सुरक्षित स्कूल घोषणा का अनुमोदन करें, शिक्षा को संकट से बचाने के वैश्विक गठजोड़ को समर्थन दें और वैश्विक पहलः संकटपूर्ण परिस्थितियों में परिवर्तनकारी कार्रवाई में भागीदारी करें। इस भागीदारी में शामिल पक्ष यह सुनिश्चित करने को एकजुट होते हैं कि बच्चों और युवाओं को संकट के दौरान भी शिक्षा मिलती रहे।

हम मिलकर सुनिश्चित कर सकते हैं कि स्कूल हर बच्चे के लिए सुरक्षा और ज्ञान के केन्द्र बने रहें, चाहे वह कही भी रहता हो।

***